# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी

फोन नम्बर :05872-263188 ई-मेल : ydpgcollege@gmail.com

पत्रांक- 6507/2025-26 दिनांक : 07.07.2025

## सूचना

समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09 जुलाई 2025 (बुधवार) को माननीया राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार वृक्षारोपण महाअभियान 2025 का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है। इस अभियान की थीम है-"एक पेड़ माँ के नाम 2.0"। इस प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें अपनी माताजी के नाम पर एक पौधा लगाएं तथा उसका संरक्षण सुनिश्चित करें, जिससे उनकी माँ की स्मृतियाँ इस महाविद्यालय परिसर में चिरस्थायी रूप से विद्यमान रहें। यह वृक्षारोपण महाअभियान 2025 प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जो लखीमपुर खीरी जनपद में एक साथ संचालित होगा। इस अभियान के अन्तर्गत लगभग 44,000 पौधे उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लखीमपुर-खीरी जनपद में लगाए जाने हैं। इस अवसर पर श्री योगेश वर्मा जी, मा. विधायक-सदर, लखीमपुर-खीरी मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 09:00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होंगे।

महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। साथ ही समस्त विभाग प्रभारी अपने विभाग से न्यूनतम 15 विद्यार्थियों को इस महाअभियान में शामिल करें, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

निम्न प्रभारी इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें-

- एन.सी.सी. प्रभारी
- एन.एस.एस. प्रभारी
- रोवर रेंजर्स प्रभारी
- संयोजक, सांस्कृतिक परिषद
- महाविद्यालय कार्यक्रम प्रभारी
- विभाग प्रभारी, शारीरिक शिक्षा

**स्थानः महाविद्यालय परिसर**
**समयः प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक**

समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्रा-छात्रायें प्रातः 08:00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सृजित करने हेतु वृक्षारोपण महाअभियान 2025 में प्रतिभाग कर अधिक से अधिक पौधे रोपित करें। अतः उक्त कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

Hemant 7-7-2025

प्राचार्य

प्राचार्य/PRINCIPAL
यु० द० महाविद्यालय/Y.D.P.G. College
लखीमपुर-खीरी/Lakhimpur-Kheri

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मा. अध्यक्ष एवं प्रवन्धक, प्रबन्ध समिति, युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर-खीरी।
2. मा. सचिव, प्रबन्ध समिति, युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर-खीरी।
3. गार्ड फाईल।

प्राचार्य